दिन– सोमवार		दिनांक– 07 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।		अवधिः– 05 मिनट

---

राज्य सरकार ने शिक्षकों की स्थानांतरण नीति जारी कर दी है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने पटना में नई नीति जारी करते हुए कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग से चयनित और सक्षमता परीक्षा पास करने वाले शिक्षक ही स्थानांतरण नीति के दायरे में आयेंगे। स्थानीय निकाय द्वारा नियुक्त शिक्षकों को नई नीति से बाहर रखा गया है। श्री कुमार ने कहा कि असाध्य और गंभीर रोग, शारीरिक दिव्यांगता तथा मानसिक दिव्यांगता से ग्रसित शिक्षकों को उनके विकल्प के पंचायत, नगर निकाय, प्रखंड, अनुमंडल या जिले में स्थानांतरित किया जा सकेगा। इसके अलावा विधवा और परित्यक्त शिक्षिका का पदस्थापन उनके विकल्प के पंचायत, नगर निकाय, प्रखंड, अनुमंडल या जिले में किया जायेगा। नई नीति के अनुसार शिक्षक दंपति को एक ही स्कूल में नियुक्ति मिलेगी। वहीं, पुरूष शिक्षकों का स्थानांतरण गृह अनुमंडल में नहीं होगा। शिक्षा मंत्री ने बताया कि शिक्षकों को उनके सेवा काल के प्रत्येक पाँच वर्ष पर स्थानांतरित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि स्थानांतरण के लिए इसी महीने से आवेदन लिए जायेंगे और दिसम्बर महीने तक पदस्थापना कर दी जायेगी।

———————————————————————

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय से वर्ष दो हजार छब्बीस तक देश से वामपंथी उग्रवाद को पूरी तरह खत्म कर दिया जायेगा। श्री शाह ने आज नई दिल्ली में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा है और इससे किसी का भला नहीं होने वाला है। श्री शाह ने नक्सलवाद से जुड़े सभी युवाओं से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आने की अपील की है। बैठक में बिहार के उप–मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत नक्लसवाद प्रभावित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए।

———————————————————————

दिल्ली की एक अदालत ने नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में राजद अध्यक्ष और पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद उनके पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव और तेज प्रताप यादव समेत सभी आरोपियों की जमानत मंजूर कर ली है। अदालत ने कहा कि आरोपियों को गिरफ्तार किये बिना उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था, जिस कारण उन्हें जमानत दी जाती है। प्रत्येक आरोपी को एक–एक लाख रूपये के व्यक्तिगत मुचलके पर जमानत दी गई है। इस मामले की अगली सुनवाई पच्चीस अक्टूबर को होगी। अदालत ने सभी आरोपियों को अपने पासपोर्ट जमा करने के भी निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

पूर्णियां जिले के अमौर में पुलिस और एसटीएफ की टीम ने एनकाउंटर में कुख्यात ईनामी अपराधी मोहम्मद बाबर को मार गिराया है। एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने बताया कि किशनगंज जिले के रहने वाले मोहम्मद बाबर पर बिहार और पश्चिम बंगाल में अठारह से अधिक मामले दर्ज थे। वह पिछले वर्ष भागलपुर के हुसैनाबाद में हुए बम विस्फोट की घटना का भी मुख्य आरोपी था।

———————————————————————

शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन आज देवी दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि स्कंदमाता अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं को पूरा करती हैं। दुर्गा पूजा को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में महौल भक्तिमय हो गया है। प्रतिमाओं और पूजा पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून पूरी तरह कमजोर पड़ गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटो के दौरान बेगूसराय के मटिहानी में सबसे अधिक छब्बीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटो के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में एक दो स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की संभावना है।

---

समाप्त